# इक्विटी (साम्य) के प्रति हमारी प्रतिबद्धता

## इक्विटी स्टेटमेंट

Fair Trade USA™ की जड़ें कहीं 1980 के दशक में निकारागुआ में कॉफ़ी उगाने वाले किसानों के संघर्ष में हैं। इसका जन्म सामाजिक उथल-पुथल वाले दौर और स्थान से हुआ था, और यह उस क्षेत्र में मौजूद असमानताओं की एक प्रतिक्रिया के तौर पर शुरू हुआ था। तभी से हमारा मॉडल न्याय, इक्विटी (साम्य), विविधता और समावेश के मुद्दों को संबोधित करने पर केंद्रित है। ऐसा करने के लिए, उन तरीकों का इस्तेमाल किया जाता है जो हितधारकों के व्यापक सेट के लिए मार्केट में अवसर पैदा करते हैं और अधिक न्यायसंगत लाभ प्रदान करते हैं।

इक्विटी (साम्य) और प्रभाव डालना हमारे लिए लक्ष्य तक पहुंचने के साधन मात्र नहीं हैं — बल्कि हमारा अंतिम लक्ष्य ही वही हैं। उस लक्ष्य तक पहुँचने के लिए हमने समावेशी होने का रास्ता चुना है। हम जानते हैं कि फ़ेयर ट्रेड मॉडल के लाभ को दुनिया भर में और ज़्यादा लोगों और समुदायों तक फैलाने के लिए, हमें लोगों तक पहुंच के स्तर को बढ़ाना होगा। हम समावेशन को बढ़ाने में निवेश करते हैं और इस तरह हम विकास को भी आगे बढ़ाते हैं। पर सबसे ज़रूरी बात यह है कि हमारे मिशन के मूल में साझा शक्ति व एजेंसी मौजूद है। उस अंतिम लक्ष्य को पूरा करने के लिए, हम जानते हैं कि हमें JEDI के सिद्धांतों को अपने ऑर्गनाइज़ेशन के भीतर केंद्रित करना चाहिए। हमारे तौर-तरीके हमारे मॉडल और मिशन के अनुरूप हों यह पक्का करने के लिए हमें अलग-अलग समुदाय के लोगों की आवाज़ों और अनुभवों को जगह देनी होगी।

आने वाले समय में हमें पार्टनरशिप, एक से ज़्यादा हितधारकों को शामिल करने, और ज़्यादा इक्विटी (साम्य) होने से मिलने वाले असंख्य लाभों के बारे में उपभोक्ताओं के बीच पहचान को और बढ़ाना है। अपने बुनियादी उसूलों पर काम करते हुए, हम अपनी आंतरिक संरचना को लगातार बेहतर बनाते रहते हैं, ताकि अक्सर कम प्रतिनिधित्व पाने वाले और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के हमारे सहकर्मियों और पार्टनरों की आवाज़ को बुलंदी मिल सके और इक्विटी (साम्य) की राह में उनकी भूमिका को मज़बूती मिल सके। ऐसे सिस्टम तैयार करना, उनका रखरखाव करना और उन्हें अनुकूल बनाना, जिनसे यह पक्का हो सके कि जिन किसानों, श्रमिकों और मछली का कारोबार करने वाले लोगों को हम अपनी सेवा देना चाहते हैं, वे हमारी रणनीतियां गढ़ने में सहभागी बन पाएं, हम ज़्यादा असरदार ढंग से और भी ज़्यादा समुदायों तक पहुंच पाने की अपनी क्षमता को बढ़ाते हैं। हम अपने उपभोक्ताओं वाली ऑडियंस की डेमोग्राफ़ी का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इससे हम अपने मॉडल में रचनात्मक एक्शन लेने वाले लोगों को शामिल करते हैं और खरीद करने जैसी एक साधारण सी कार्यवाही के ज़रिए बदलाव लाने के अवसर को समता के साथ फैलाने की कोशिश करते हैं।

उत्तरी अमेरिका में फ़ेयर ट्रेड उत्पादों को सर्टिफ़ाई करने वाले एक अग्रणी थर्ड पार्टी सर्टिफ़ायर के रूप में, हम अपनी पोज़ीशन को औद्योगिक स्तर पर बड़े बदलाव लाने के अवसर के रूप में देखते हैं। जैसे-जैसे हम और औद्योगिक पार्टनरों को नामांकित करना जारी रखेंगे, हम उन क्षेत्रों में इक्विटी (साम्य) में निवेश करने के ठोस फ़ायदों को दर्शाने के अवसरों का लाभ उठाएंगे जिन क्षेत्रों में हम काम करते हैं। हमारे विस्तार करने के साथ ही, हम समावेशी विकास और शासन की प्रभावशीलता को मॉडल करेंगे। हमारे मूलभूत सिद्धांतों के अनुरूप होने वाला बिज़नेस केस हमें साफ़ तौर पर मालूम है, और हम उसका फ़ायदा लेना जारी रखेंगे, ताकि हम अलग-अलग तरह के औद्योगिक पार्टनरों को अपने साथ शामिल करने के लिए आमंत्रित कर सकें, जोकि ग्लोबल सोर्सिंग और सप्लाई चेन के बारे में कंपनियों की सोच बदलने में मदद कर सकें।

हमारे काम का मार्गदर्शन करने वाले सिद्धांत अटल हैं, लेकिन उनको जीवन में उतारने के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं। एक न्यायपूर्ण दुनिया बना पाने के लिए – कोई एक ही तरीका या समाधान नहीं है – कोई भी चीज़ पूर्ण सत्य नहीं है। हम लगातार सीखने और विकास करने, पायलटिंग करने, परिस्थितियों के हिसाब से ढलने और बदलाव से जुड़े ज़्यादा से ज़्यादा सिद्धांतों को अपनाकर परखने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि हम अपनी स्थापना से जुड़े इन बुनियादी सिद्धांतों को मज़बूती दे सकें – न्याय, इक्विटी (साम्य), विविधता, समावेश, और सबसे महत्वपूर्ण निष्पक्षता – और हम दुनिया में व्यापार के तौर-तरीकों वाले ताने-बाने में इन सिद्धातों का रोपण कर सकें।

## उदाहरण वाले तौर-तरीके

- एक ऐसी बुनियादी संरचना को बढ़ावा देना जिसके ज़रिए उत्पादक और श्रमिक, दोनों ही एजेंसी का इस्तेमाल कर सकें और अपने-अपने कार्यस्थलों, समुदायों, उद्योगों और हमारे अपने ऑर्गनाइज़ेशन के अंदर भी अपनी आवाज़ उठा सकें और अपनी बात रख सकें।
- फ़ेयर ट्रेड के असर को बढ़ाने के लिए, हमारी रणनीतिक और वार्षिक योजना और हमारे लक्ष्य से जुड़ी तस्वीर में, अलग-अलग समुदायों की बातों को शामिल करना और उनके नज़रियों को केंद्र में लाना।
- हमारे बुनियादी संगठनात्मक मूल्यों, रणनीतिक योजना और वार्षिक लक्ष्यों में न्याय, इक्विटी (साम्य), विविधता और समावेश के सिद्धांतों को शामिल करना।
- हमारे ऑर्गनाइज़ेशन का इक्विटी (साम्य) मूल्यांकन करना और एक न्यायसंगत, समावेशी मूल्य-आधारित और परफ़ॉर्मेंस-संचालित संस्कृति के हमारे लक्ष्यों को बेहतर ढंग से प्राप्त करने के लिए उचित कदम उठाना।
- एक न्यायसंगत कार्यस्थल और कार्य संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए आंतरिक कार्यक्रमों और तौर-तरीके विकसित करने और कार्यान्वित करते हुए विविधता, इक्विटी (साम्य), समावेश और न्याय के सवालों पर विचार करना।
- एक बहु-वर्षीय सांस्कृतिक योग्यता वाला पेशेवर विकास कार्यक्रम शुरू करना, जो विश्व स्तर पर सभी कर्मचारियों के लिए उपलब्ध है। इसमें Unconscious Bias, Anti-Racism, Belonging, Allyship,

सहयोगिता और एक समावेशी, प्रगतिशील और न्यायसंगत किस्म के कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए ज़रूरी होने वाले अन्य प्रमुख पहलुओं पर त्रैमासिक कार्यक्रम शामिल हैं, जिन्हें फ़ैसिलिटेटर द्वारा चलाया चलाया जाता है।

- सभी स्तरों पर हमारे कार्यबल की विविधता के बारे में डेटा जुटाना और हमारे टैलेंट एक्विज़िशन, विकास, उत्तराधिकार से जुड़ी योजना, प्रमोशन और रिटेंशन की प्रक्रिया में अंतर्निहित व संरचनात्मक तौर पर मौजूद पूर्वाग्रहों से निपटने के तरीके ढूंढना।
- पारंपरिक रूप से वंचित / हाशिए वाले समूहों (खासतौर पर नस्लीय, जातीय और लैंगिक पहचान द्वारा) के लिए भर्ती और प्रमोशन के दौरान भौतिक लाभ प्राप्त करना, और 2022 में 49% BIPOC सहकर्मियों के बराबर परिणाम हासिल करना।
- लीडरशिप टीम में लैंगिक रूप से 50:50 की बराबरी लाना; विश्व स्तर पर महिला सशक्तीकरण और लैंगिक समानता के लक्ष्य पर काम करते हुए हमारे ऑर्गनाइज़ेशन में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना।
- पारंपरिक और जाने-पहचाने नेटवर्क से बाहर वाले उम्मीदवारों की तलाश करना और एक विविधतापूर्ण बोर्ड तैयार करने की कोशिश करना।
- हमारे JEDI सिद्धांतों के हिसाब से काम करने के लिए, विक्रेताओं के साथ हमारे संबंधों में न्यायसंगत तौर-तरीकों को बढ़ाना और सप्लायरों में विविधता लाने की कोशिश करना।

पिछला अपडेट: 17 नवंबर, 2022

## Fair Trade USA के बारे में

Fair Trade USA, एक टैक्स में छूट प्राप्त करने वाला 501(c)(3) गैर-लाभकारी संगठन है, जो उत्तरी अमेरिका में निष्पक्ष व्यापार वाले उत्पादों का अग्रणी प्रमाणक है। ऐसे पुरस्कार प्राप्त, मेहनत भरे और विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त संवहनीय सोर्सिंग के सर्टिफिकेशन प्रोग्राम यानी प्रमाणन कार्यक्रम पेश करना, जो आजीविका में सुधार करते हैं, पर्यावरण की रक्षा करते हैं, और एक लचीली, पारदर्शी सप्लाई चेन बनाते हैं। किसी उत्पाद पर इसकी विश्वसनीय Fair Trade Certified™ मुहर होने का मतलब है कि उसे कड़े और निष्पक्ष व्यापार मानकों के अनुसार तैयार किया गया है। Fair Trade USA गरीबी को खत्म करने और दुनिया भर के किसानों, श्रमिकों, उनके परिवारों और समुदायों के लिए संवहनीय विकास को सक्षम करने के लिए जिम्मेदाराना ढंग से किए जाने वाले व्यवसाय, जागरूकतापूर्ण उपभोक्तावाद और साझा मूल्य का एक अभिनव मॉडल बना रहा है।